# दहेज की मांग पूरी न होने पर दो विवाहिताओं को मारपीट कर निकाला

## एक ने सिविल लाइंस और दूसरे ने गंज थाने में ससुरालियों पर कराई रिपोर्ट

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिताओं का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। वह लोग नकदी और बाइक की मांग कर रहे थे। इंकार करने पर ससुरालियों ने दोनों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। एक पीड़िता ने सिविल लाइंस और एक ने गंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने दिया तीन तलाक

**रामपुर।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कालोनी निवासी उजमा का कहना है कि उसका निकाह कई साल पहले गंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ठोठर रज्जड़ सब्जी मंडी निवासी आरिफ के साथ हुआ था। निकाह के वक्त मायके वालों ने पर्याप्त दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। वह लोग दो लाख रुपये और एक बुलेट बाइक की मांग कर रहे थे। इंकार करने पर उनका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न बढ़ गया। पीड़िता के अनुसार उसके कोई संतान नहीं हुई तो ससुराली उसे बांझ कहने लगे। कई बार उसने ससुरालियों से इलाज कराने को कहा लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया। इस बीच पीड़िता का जेठ उस पर बुरी नीयत रखने लगा। इसकी शिकायत करने पर ससुरालियों ने उसे पीटा। आरोप है कि ससुरालियों के कहने पर पति से उसे तीन तलाक दे दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर सिविल लाइंस कोतवाली में पति आरिफ समेत फूल, रिजवाना और सलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### मांग पूरी न होने पर किया जिंदा जलाने का प्रयास

गंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मदरसा कोना निवासी जमजम का कहना है कि उसका निकाह गंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घेरकटे बाज खां निवासी शुएब मियां के साथ वर्ष 2003 में हुआ था। निकाह के वक्त मायके वालों ने पर्याप्त दहेज दिया था। निकाह के कुछ समय बाद पति अल्टो कार की मांग को लेकर कहा-सुनी हो गई थी। इसके बाद पति कारोबार के लिए पांच लाख रुपये की मांग करने लगा। धमकी दी कि अगर कार व रुपये नहीं मिले तो वह तीन तलाक दे देगा। जमजम के अनुसार उसने मायके वालों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए अतिरिक्त दहेज देने से इंकार कर दिया। जिस पर ससुरालियों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। जमजम के अनुसार उसने बेटे को जन्म दिया तो मायके वालों ने पूरा खर्चा उठाया। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसे जिंदा जलाने का भी प्रयास किया। हालांकि इस बार भी समझौता करा दिया गया। आरोप है कि बाद में ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। उसने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब जमजम की तहरीर पर गंज कोतवाली में पति शुएब मियां समेत नाजमा, इमराना और शगुफ्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# डीआईजी ने पेंशनर्स व सैनिकों की सुनीं समस्याएं

शाह टाइम्स

**रामपुर।** शुक्रवार को रामपुर स्थित पुलिस लाइन में डीआईजी मुनिराज की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन और गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डीआईजी ने सैनिकों के साथ ही पेंशनर्स की समस्याओं को सुना। सभी को आश्वासन दिया कि तय समय में समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा। इस दौरान सैनिकों ने जहां फूल-माला पहनाकर अधिकारियों को सम्मानित किया तो वहीं अधिकारियों ने बुजुर्ग पेंशनर्स को सम्मानित किया। शुक्रवार को डीआईजी मुनिराज ने पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इसके बाद सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम बुजुर्ग पेंशनर्स मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। कुछ ने कागजी कार्रवाई में देरी होने से पेंशन में आने वाली समस्याओं को रखा तो किसी ने फंड आदि की समस्या को बताया। इसके अलावा कुछ पेंशनर्स ने अपनी निजी समस्याओं को उठाते हुए पुलिस का सहयोग मांगा। अधिकतर निजी समस्याएं विवाद की थी। जिस पर डीआईजी ने सभी की समस्याओं को सुना और हर संभव निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान कुछ पेंशनर्स को एसपी विद्यासागर मिश्र ने फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त कई सैनिक पहुंचे। पहले सैनिकों ने डीआईजी व एसपी को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। बाद में अपनी समस्याओं को रखा। किसी ने पड़ोसियों से विवाद होने की बात कही तो किसी ने जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि कई बार पुलिस के समक्ष भी मामला जा चुका है लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह सैनिकों ने अन्य समस्याएं भी उठाई। डीआईजी और एसपी ने सभी समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही भरोसा दिलाया कि हर विषम परिस्थिति में पुलिस उनके साथ है।

# ड्रग इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने मेडिकल स्टोर संचालकों की ली बैठक, नियमों के पालन के दिए दिशा निर्देश

शाह टाइम्स



**सैफनी।/रामपुर ।** शुक्रवार को सैफनी के फ्लोरा मैरिज हॉल में ड्रग्स इंस्पेक्टर मुकेश कुमार की अध्यक्षता में मेडिकल स्टोर संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के दर्जनों मेडिकल स्टोर संचालक मौजूद रहे। ड्रग्स इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने सभी संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आम जनमानस को गुणवत्ता युक्त और समय पर दवाइयां उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री बिल्कुल न की जाए और एक्सपायरी दवाओं को तुरंत नष्ट किया जाए.बैठक के दौरान दवाओं के रख-रखाव, बिलिंग व्यवस्था, लाइसेंस नवीनीकरण, रजिस्टर संधारण और सरकारी नियमों के पालन पर विस्तार से चर्चा की गई। ड्रग्स इंस्पेक्टर ने कहा कि यदि किसी मेडिकल स्टोर पर अनियमितता पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संचालकों ने आश्वासन दिया कि वे सरकार के सभी नियमों का पालन करेंगे और जनमानस को बेहतर सुविधा के साथ दवाइयां उपलब्ध कराएंगे। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में दवा व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना रहा। इस बैठक में दीपक कुमार सुहैल अली इस्तेदार पाशा जितेन्द्र गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# डीआईजी श्री मुनिराज ने किया थाना केमरी का वार्षिक निरीक्षण

शाह टाइम्स





**रामपुर।** मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर की उपस्थिति में थाना केमरी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गार्द की सलामी ली और थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, ऑर्डर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर, फ्लाई शीट, रजिस्टर नंबर-8 सहित अन्य अभिलेखों के रख-रखाव व प्रविष्टियों को बारीकी से चेक किया गया। थाना कार्यालय, जीडी कार्यालय, हवालात, मालखाना/ई-मालखाना, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सेल, सीसीटीएनएस कक्ष, भोजनालय, आगंतुक कक्ष और विवेचना कक्ष का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीआईजी ने मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर विशेष निर्देश दिए। महिला संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने और बीट प्रणाली को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, भूमि विवादों में राजस्व विभाग से समन्वय, यक्ष एप व अन्य ऑनलाइन पोर्टलों पर सही फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाने पर खड़े माल मुकदमाती वाहनों के नियमानुसार निस्तारण, आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधा, नियमित फुट पेट्रोलिंग और संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग के भी निर्देश दिए गए। थाना परिसर की स्वच्छता और सीसीटीवी कैमरों को सुचारु रूप से संचालित रखने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी बिलासपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सुरक्षित व सुगम यातायात का सहारा बनेगा सोहना पुल, नाला निर्माण से दूर होगी गंदगी

## शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सोहना पुल और नाला निर्माण का किया शिलान्यास, 2.64 करोड़ रुपए से होंगे दोनों विकास कार्य, सुलभ होगा आवागमन

शाह टाइम्स





**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पटवाई जौलपुर मार्ग स्थित जर्जर सोहना पुल व ज्वालानगर में नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। दोनों परियोजनाओं की लागत 2.64 करोड़ रुपए है। पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग और नाले का निर्माण नगर पालिका की ओर से किया जाएगा। पुल बनने से जहां लोगों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं नाला निर्माण से गंदगी दूर होगी। पटवाई-जौलपुर मार्ग पर स्थित सोहना पुल लंबे समय से जर्जर हालत में था। इस कारण लोक निर्माण विभाग की ओर से पूर्व में ही पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था। जिस कारण वाहनों को दूसरे मार्गों से आना जाना पड़ता था। वहीं, ज्वालानगर स्थित नाले की बात की जाए तो आबादी के अनुरूप नाला छोटा हो गया था, जिस कारण बरसात के दिनों में जलनिकासी में दिक्कत आती थी और गलियां जलमग्न हो जाती थीं। इसी वजह से सड़कों को भी काफी नुकसान पहुंचता था। ऐसे में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से पुल का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जबकि नगर विकास विभाग से नाला निर्माण कराने का अनुरोध किया था। शासन ने दोनों प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। जिसके बाद विधायक आकाश सक्सेना ने शुक्रवार को सोहना पुल व ज्वालानगर में शशिमणि धर्मशाला से लेकर लेबर कालोनी होते हुए अजीतपुर पुलिस चौकी तक नाला निर्माण का शिलान्यास किया। पुल के निर्माण में 2.24 करोड़, जबकि नाला बनने में करीब 40 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि नए पुल के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच संपर्क भी मजबूत होगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, पुल, जल निकासी और स्वच्छता जैसी मूलभूत जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर जीवन-स्तर मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संजय यादव, भाजपा जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, अवधेश शर्मा, कुंवर बहादुर राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# गगन मौत कांड की सीओ ने शुरू की जांच, गवाहों के लिए बयान

*हर्षित सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित लोगों से पूछताछ की*

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद के बिलासपुर क्षेत्र में चर्चित गगन सागर मौत प्रकरण को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बिलासपुर की क्षेत्राधिकारी (सीओ) हर्षित सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित लोगों से पूछताछ की। सीओ ने दर्ज एफआईआर के आधार पर नामजद गवाहों से भी जानकारी जुटाई है। पुलिस टीम ने मौके की स्थिति का बारीकी से जायजा लेते हुए साक्ष्यों को एकत्र किया। अधिकारियों के अनुसार मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है, ताकि घटना के कारणों की स्पष्ट तस्वीर सामने आ सके। बताया जा रहा है कि 14 फरवरी को गगन सागर ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह उत्तराखंड-यूपी बॉर्डर पर बिलासपुर की चीमा कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहा था। परिजनों का आरोप है कि वंशिका नामक युवती द्वारा उकसाने के कारण उसने यह कदम उठाया। पारिवार की तहरीर पर थाना बिलासपुर में युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बरेली बाईपास कार्य के चलते किराया बढ़ोतरी, डिपो प्रभारी का बयान

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बरेली में बाईपास पर निर्माण कार्य जारी रहने के कारण रोडवेज बसों का रूट परिवर्तित कर दिया गया है, जिससे रामपुर से बरेली के बीच सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है। पहले यह किराया 101 रुपये निर्धारित था, जिसे बढ़ाकर 121 रुपये कर दिया गया है। इस संबंध में डिपो प्रभारी रामप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि बाईपास पर चल रहे निर्माण कार्य की वजह से बसों को वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है। अब रामपुर डिपो की बसें इज्जतनगर होते हुए मिनी बाईपास के रास्ते रामपुर पहुंच रही हैं, जिससे दूरी और समय दोनों में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था अस्थायी है और बाईपास का कार्य पूरा होने में लगभग तीन माह का समय लगेगा। तब तक यात्रियों को बढ़े हुए किराए के साथ यात्रा करनी होगी। डिपो प्रभारी ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही पुनः पूर्व निर्धारित मार्ग और किराया लागू कर दिया जाएगा।

# डीआईजी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, ली सलामी

## प्रशिक्षण हासिल कर ही प्रशिक्षुओं को सिखाया अनुशासन का पाठ

शाह टाइम्स





**रामपुर।** मुरादाबाद मंडल के डीआईजी मुनिराज ने रामपुर की पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार को होने वाली परेड की सलामी ली। साथ ही प्रशिक्षण हासिल कर रही महिला प्रशिक्षुओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इसके अलावा परेड की गुणवत्ता, अनुशासन, टर्नआउट और शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन किया। प्रशिक्षण के संबंध में डीआईजी ने जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने बिल्डिंग जी 8 व 12, आरटीसी बैरक, आरटीसी भोजनालय, आरओ प्लांट, वामा सारथी रीडिंग रूम, गैस गोदाम और आरटीसी कार्यालय का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सीसीटीएनएस कार्यालय, कम्प्यूटर लैब, पुलिस संग्रहालय (म्यूजियम), गैस कार्यालय, कैश कार्यालय, सीपीसी कार्यालय, जिला भोजनालय, फैमिली लाइन, फील्ड यूनिट, पुलिस चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्द, आरमरी, स्टोर, गणना कार्यालय एवं जीडी कार्यालय आदि शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अभिलेखों एवं शस्त्रों के रख-रखाव, साफ-सफाई, वाहनों के संचालन एवं अनुरक्षण, भोजनालय की व्यवस्थाओं, आवासीय परिसर की स्थिति तथा रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर की समग्र स्वच्छता का अवलोकन किया। साथ ही अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, शस्त्रों के सुरक्षित रख-रखाव, वाहनों के नियमित अनुरक्षण तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। वहीं उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने, अनुशासन को सुदृढ़ रखने तथा पुलिस कर्मियों के कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं को और बेहतर करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि रिजर्व पुलिस लाइन किसी भी जनपद की आधारभूत इकाई है, अतः यहां की व्यवस्थाएं उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय होनी चाहिए। इस दौरान एसपी विद्यासागर मिश्र व एएसपी अनुराग सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा, खराब प्रदर्शन पर नोटिस के निर्देश

शाह टाइम्स



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर खराब श्रेणी में प्रदर्शित हो रहे इंडीकेटर को लेकर मंडी सचिव एवं आबकारी अधिकारी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भू-पट्टा आवंटन एवं स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आईसीडीएस की समीक्षा के दौरान अतिकुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में मात्रात्मक ही नहीं, गुणात्मक प्रगति भी सुनिश्चित की जाए और धरातल पर प्रभावी परिणाम दिखाई दें। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूर्ण किए जा चुके निर्माण कार्यों को संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर समय से हैंडओवर करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर अंकित प्रत्येक इंडीकेटर की नियमित समीक्षा करें और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही बनाए रखते हुए पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना प्राथमिकता हो।

# 22 फरवरी को सद्भावना मण्डप, पनवड़िया में मेगा विधिक सहायता शिविर

*एक ही स्थान पर मिलेगी निःशुल्क विधिक सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी*

शाह टाइम्स

**रामपुर।** आम नागरिकों को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से 22 फरवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे सद्भावना मण्डप, पनवड़िया में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अपर सिविल जज (प्रवर)/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत संबंधी जानकारी, प्रमाण पत्रों के संबंध में मार्गदर्शन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की व्यवस्था एक ही स्थान पर की जाएगी। शिविर में राजस्व, श्रम, पंचायतीराज, जिला विकास, आवास एवं नगर विकास, डूडा, आईटीआई, पुलिस, कृषि, बैंक ऋण योजनाएं, युवा कल्याण, वन, विद्युत वितरण, खनन, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण, कौशल विकास, जलशक्ति, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, दिव्यांग सशक्तीकरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, खाद्य सुरक्षा एवं रसद सहित विभिन्न विभागों द्वारा सेवाएं एवं जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं आमजन की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## गंभीर रूप से बीमार भाईजान एवं आतिफ हुसैन को अपने हाथों से सौंपे आयुष्मान कार्ड

शाह टाइम्स

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में पेंशन, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना, विद्युत आपूर्ति, भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरण सामने आए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने को कहा। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही दूरभाष के माध्यम से अधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी





प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान एक मार्मिक दृश्य भी देखने को मिला। पूर्व जनता दर्शन में तहसील निवासी भाईजान एवं बरेली गेट निवासी 12 वर्षीय आतिफ हुसैन, जो गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, अपने परिजनों के साथ सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता बताने पर जिलाधिकारी ने दोनों का हालचाल जाना और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने हाथों से उन्हें आयुष्मान कार्ड सौंपे। इससे उनके बेहतर उपचार का मार्ग प्रशस्त हुआ। परिजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय से पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना तथा समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनपद में सुशासन, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन की भावना के साथ आमजन की समस्याओं का निरंतर समाधान किया जाता रहेगा।

# शाहबाद में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## सपा नेता रामबहादुर सागर रहे मुख्य अतिथि

शाह टाइम्स

**शाहबाद।** क्षेत्र के बरखेड़ा गांव में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रामबहादुर सागर ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों एवं कथा आयोजन समिति द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य



शिक्षाओं का स्रोत है। यह हमें कर्तव्य, धर्म, प्रेम और सद्भाव का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। हमारे संवाददाता जहीर खान से बातचीत में रामबहादुर सागर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में रोहित सागर (विधानसभा प्रभारी, समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी), श्याम सिंह यादव, ग्राम प्रधान गावा, राजपाल, सत्यपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान भक्ति-भाव से ओतप्रोत वातावरण बना।

# बोर्ड परीक्षा: पेपर सरल देख खिले परीक्षार्थियों के चेहरे

## हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान और इंटर में अंग्रेजी का हुआ पेपर

शाह टाइम्स

**रामपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन दोनों पालियों में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न हुई। पहली पाली में हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान तो दूसरी पाली में इंटर में अंग्रेजी का पेपर हुआ। परीक्षा से पहले केंद्रों में जाते वक्त पेपर को लेकर परीक्षार्थी काफी नर्वस नजर आ रहे थे। हालांकि पेपर खत्म होने के बाद अधिकतर परीक्षार्थियों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। जिसकी वजह थी कि परीक्षार्थियों द्वारा अधिकतर प्रश्नों को हल कर दिया गया था। पूछने पर बताया कि तैयारी के हिसाब से ही पेपर आया था, लिहाजा पेपर मिलते ही अधिकतर टेंशन खत्म हो गई थी। रामपुर जिले में इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए 74 केंद्रों का चयन किया गया है। इन




केंद्रों में हो रही परीक्षा में हाईस्कूल व इंटर में कुल 46766 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हालांकि पहले दिन ही हाईस्कूल में 1733 और इंटर में 1119 परीक्षार्थी गैरहाजिर हो गए थे। नकल विहीन व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी ठोस प्रबंध किए गए हैं। सीसीटीवी की निगरानी में होने वाली परीक्षा में केंद्रों में पुलिस का पहरा भी लग रहा है। परीक्षा के तीसरे दिन यानि की शुक्रवार को पहली पाली हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। निर्धारित वक्त से पहले से ही केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। सघन चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया। परीक्षा शुरू होने के साथ ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी केंद्रों का भ्रमण करने लगे। जबकि दूसरी पाली यानि की इंटर में अंग्रेजी का पेपर दोपहर दो बजे से शुरू हुआ। वहीं आज परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों के चेहरों पर तनाव साफ देखा जा सकता था, खासतौर पर इंटर के परीक्षार्थी तनाव में नजर आए। हालांकि दोनों पालियों मे पेपर छूटने के बाद जब परीक्षार्थी बाहर निकले तो चेहरों पर खुशी थी। पूछने पर बताया कि जिस हिसाब से टेंशन थी लेकिन पेपर मिलते ही तनाव काफी कम हो गया। जिसकी वजह रही कि जो तैयारी की थी, उसी हिसाब से पेपर आया। जो न काफी कठिन था न ही सरल। सभी प्रश्न सिलेबस से ही पूछे गए थे जिससे पेपर हल करना आसान रहा।

# जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया कंट्रोल रूम का शुभारंभ

## 12 गौशालाएं ऑनलाइन निगरानी से जुड़ीं

शाह टाइम्स

**रामपुर।** 3026 गौवंश की सुरक्षा अब कैमरों की निगरानी में, कंट्रोल रूम से होगी सतत मॉनिटरिंग रामपुर। जनपद में संचालित स्थायी एवं अस्थायी गौ-आश्रय स्थलों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास भवन में स्थापित केंद्रीकृत कंट्रोल रूम का शुभारंभ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा फीता काटकर किया गया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम से विभिन्न गौ-आश्रय स्थलों की लाइव फीड का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों के साथ ऑडियो माइक्रोफोन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे कंट्रोल रूम से गौशालाओं में हो रही





गतिविधियों पर सीधा संवाद स्थापित किया जा सके और किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गौवंश के संरक्षण, पोषण एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। नियमित निरीक्षण एवं निगरानी के माध्यम से व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने पर बल दिया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि जनपद में वर्तमान में कुल 12 स्थायी एवं अस्थायी गौ-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 3026 गौवंश संरक्षित हैं। सभी गौशालाओं को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जिससे 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जा सके। कंट्रोल रूम में सीसीटीवी फुटेज की सतत मॉनिटरिंग हेतु पशुधन प्रसार अधिकारियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई गई है। व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रामलखन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए तथा ड्यूटी पर तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामपुर में छुट्टा पशु और आवारा कुत्तों का आतंक, लोगों का जीना हुआ मुश्किल

शाह टाइम्स

**रामपुर।** शहर में छुट्टा पशुओं और आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। सड़कों, बाजारों और गली-मोहल्लों में इनके जमावड़े से आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे आए दिन हादसों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। सुबह और शाम के समय मुख्य मार्गों व व्यस्त बाजार क्षेत्रों में छुट्टा पशु बीच सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे वाहनों की रफ्तार थम जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार वाहन चालक अचानक सामने आए पशुओं से बचने के प्रयास में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वहीं, आवारा कुत्तों के झुंड ने राहगीरों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल



बना दिया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और दुपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मोहल्लों में कुत्तों के भौंकने और दौड़ाने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभागों को इस समस्या की ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। छुट्टा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने और आवारा कुत्तों की नसबंदी व वैक्सीनेशन अभियान को तेज करने की मांग उठ रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। प्रशासन से जल्द प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

# रमजान रूह की पाकीजगी और बंदगी का महीना :मुफ़्ती मकसूद

## मिस्टन गंज मस्जिद पर नमाज ए जुमा को किया खिताब

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जुमे के मुकद्दस दिन मिस्टन गंज की तारीखी मस्जिद में अदा की गई नमाज-ए-जुमा में नायब मुफ़्ती मकसूद साहब ने रमजानुल मुबारक की फजीलत और उसकी अहमियत पर दिलों को छू लेने वाला खिताब फरमाया। उन्होंने फरमाया कि हममें से कितने ही अजीज-ओ-अकारिब ऐसे थे जो पिछले साल हमारे दरमियान मौजूद थे, मगर आज इस फानी दुनिया में नहीं हैं। इसलिए जरूरी है कि हम इस मुबारक महीने की कद्र करें और इसे गफलत व लापरवाही में जाया न करें। नायब मुफ़्ती साहब ने कहा कि रमजान कोई मामूली महीना नहीं, बल्कि ग्यारह महीनों का सरदार और इस्लाह-ए-नफ़्स का पाक महीना है। यह अपने जिस्म



और रूह को पाकीजा बनाने का बेहतरीन मौका है। रोजा, नमाज, तिलावत-ए-कुरआन, तकवा और परहेजगारी इंसान के जाहिर और बातिन दोनों को संवार देती है। उन्होंने अहल-ए-हैसियत से खास तौर पर अपील की कि अल्लाह तआला ने जिनको माल-ओ-दौलत से नवाजा है, वे इस महीने में खुलकर जकात और सदकात अदा करें। रमजान में हर नेकी का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। जिन पर साढ़े बावन तोले चाँदी की कीमत के बराबर माल मौजूद हो, उन पर जकात फर्ज. है। ऐसे लोग गरीबों, यतीमों, मसाजिद और जरूरतमंदों पर दिल खोलकर खर्च करें। उन्होंने यह भी इरशाद फरमाया कि इमाम के साथ तरावीह की नमाज अदा करने का अजीम सवाब है। गरीबों को खाना खिलाना, मसाजिद की तामीर व जरूरतों में हिस्सा लेना और मजबूरों की मदद करना सदका-ए-जारीया है, जिसका अज्र-ओ-सवाब इंसान को दुनिया से रुख़सत होने के बाद भी मिलता रहता है। अपने खिताब के इख्तिताम पर उन्होंने तमाम अहल-ए-ईमान से दरख़्वास्त की कि इस मुकद्दस महीने में अपने माल के साथ-साथ अपनी जान और वक़्त भी इबादत में लगाएं, कुरआन-ए-पाक की कसरत से तिलावत करें और बारगाह-ए-इलाही में अपने गुनाहों की मगफिरत तलब करें। रमजान रहमत, मगफिरत और निजात का महीना है–इसकी कद्र ही कामयाबी की जमानत है।

# एसआईआर : आयोग की अनुमति के बिना नहीं होगा ट्रांसफर

शाह टाइम्स

**रामपुर।** एसआईआर यानि कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारियों का तबादला अब भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना नहीं होगा। इस संबंध में आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेज दिया गया। डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनजर जिले में एसआईआर का कार्य चल रहा है। जिसके तहत पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने और अपात्रों के नाम काटे गए हैं।उन्होंने बताया कि नोटिस चरण के तहत उन पर सुनवाई 27 मार्च 2026 तक की जानी है। जबकि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग से मिली गाइडलाइन के अनुसार सभी विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की अवधि के दौरान निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण अथवा तैनाती किए जाने से पूर्व भारत निर्वाचन आयोग की पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है।

# डीआईजी श्री मुनिराज ने किया रिजर्व पुलिस लाइन्स का वार्षिक निरीक्षण

## एसपी विद्या सागर मिश्र एएसपी भी रहे मौजूद

शाह टाइम्स

**रामपुर।** श्री मुनिराज, पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र द्वारा आज रिजर्व पुलिस लाइन्स, रामपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। डीआईजी के आगमन पर परेड की सलामी दी गई। उन्होंने परेड का गहन निरीक्षण करते हुए अनुशासन, टर्नआउट एवं शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन किया। साथ ही आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षुओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का





अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं–जी-8 व जी-12 बिल्डिंग, आरटीसी बैरक व भोजनालय, आरओ प्लांट, वामा सारथी रीडिंग रूम, सीसीटीएनएस कार्यालय, कंप्यूटर लैब, पुलिस संग्रहालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, पुलिस चिकित्सालय, क्वार्टर गार्द, आरमरी, स्टोर एवं अन्य कार्यालयों–का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। उन्होंने अभिलेखों एवं शस्त्रों के सुरक्षित रख-रखाव, वाहनों के नियमित अनुरक्षण, भोजनालय की व्यवस्थाओं तथा परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीआईजी श्री मुनिराज ने कहा कि रिजर्व पुलिस लाइन्स किसी भी जनपद की आधारभूत इकाई होती है, इसलिए यहां की व्यवस्थाएं उत्कृष्ट और अनुकरणीय रहनी चाहिए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा पुलिस कर्मियों के कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर भी उन्होंने विशेष बल दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# होली से पहले मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा

## विशेष अभियान में 90 किलो संदिग्ध घी सीज, दो नमूने जांच को भेजे

शाह टाइम्स

**रामपुर।** आगामी होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोहल्ला सराय गेट स्थित आराध्या डेरी पर छापेमारी कर पवन पुत्र किशन लाल के प्रतिष्ठान से घी का एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके बाद सराय गेट भैंस खाना क्षेत्र स्थित अली हुसैन डेरी पर कार्रवाई करते हुए अली हुसैन पुत्र प्यारे के यहां से भी घी का एक नमूना लिया गया। जांच के दौरान गुणवत्ता पर संदेह होने के चलते लगभग 90 किलोग्राम घी को मौके पर ही सीज कर दिया गया। निरीक्षण में डेरी बिना खाद्य पंजीकरण के संचालित पाई गई, जिस पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता को नियमानुसार आवश्यक निर्देश जारी किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा घी के कुल दो विधिक नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट की प्रकृति के अनुरूप संबंधित धाराओं में वाद दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार एवं रामचन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

